संपादकीय

विकास का पुल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सबसे लंबा पुल देश को समर्पित किया। असम में बने बोगीबील ब्रिज की कुल लंबाई 4.94 किलोमीटर है, जिस पर नीचे रेलगाड़ियां और ऊपर बसें एक साथ दौड़ सकेंगी। इस पुल को सामरिक दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है। अरुणाचल प्रदेश से सटे बॉर्डर पर चीन की चुनौती से निपटने में इससे बड़ी मदद मिलेगी। सेना के भारी टैंक इस पर आसानी से जा सकते हैं। इसके अलावा नागरिक आबादी के लिए भी यह पुल काफी उपयोगी साबित होगा। पूर्वी असम से अरुणाचल प्रदेश के बीच सफर करने में लगने वाला वक्त इसके इस्तेमाल से घटकर सिर्फ 4 घंटे का रह जाएगा। यही नहीं, दिल्ली से डिब्रूगढ़ की यात्रा भी 3 घंटे कम समय में की जा सकेगी। इस तरह पूर्वोत्तर के लिए यह बेहद अहम है। केंद्र की बीजेपी सरकार ने नार्थ-ईस्ट के इन्फ्रास्ट्र**दैनिक भास्कर** र पर विशेष ध्यान दिया है, जिसका उसे राजनीतिक लाभ भी मिला है। लेकिन देश को इसका सबसे बड़ा लाभ यह हुआ है कि राष्ट्र की मुख्यधारा से कटे रहने वाले पूर्वोत्तर के लोगों का शेष भारत से संपर्क और लगाव बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व्यक्ति गत रूप से भी पूर्वोत्तर पर खासा ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने पूर्वोत्तर के राज्यों को अष्टलक्ष्मी कहा था और उनके विकास के लिए कई योजनाएं शुरू करवाईं। पूर्वोत्तर राज्यों का जितनी बार दौरा नरेंद्र मोदी ने किया, उतना किसी और पीएम ने नहीं किया। पिछले साल उन्होंने असम में एक नए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की आधारशिला रखी और कृषि क्षेत्र से जुड़ी एक अहम योजना 'संपदा' की शुरुआत की। फिलहाल पूर्वोत्तर में सड़कों के निर्माण की छोटी-बड़ी कुल 197 परियोजनाएं चल रही हैं। इनके तहत तकरीबन 37,691 करोड़ रुपये की लागत से 4,321 किलोमीटर सड़कें बननी हैं। रेलवे की 20 परियोजनाएं चल रही हैं, जिनके तहत 13 नई रेल लाइनें बिछाने का काम चल रहा है। रेलवे का ढांचा दुरुस्त करने के लिए मोदी सरकार इस क्षेत्र में 52,030 करोड़ रुपये खर्च करने वाली है। इन परियोजनाओं के जरिए पूर्वोत्तर के सभी राज्यों की राजधानियों को रेल मार्ग से जोड़ा जाना है। अभी सिर्फ तीन राज्यों की राजधानियां ही रेल लाइन से जुड़ी हुई हैं। भारत की पहली 'एयर डिस्पेंसरी' पूर्वोत्तर राज्यों को मिली है, जिसके तहत हेलिकॉप्टर के जरिये चिकित्सा सेवा दी जाएगी। नॉर्थ-ईस्ट में फिलहाल बिजली की दो बड़ी परियोजनाओं पर भी काम चल रहा है, जिन पर 10 हजार करोड़ रुपये की लागत आएगी। 5,300 करोड़ रुपये की लागत से एक व्यापक दूरसंचार योजना लागू की गई है। पूर्वोत्तर औद्योगिक विकास योजना के तहत रोजगार को बढ़ावा देने के 3,000 करोड़ रुपये से एमएसएमई क्षेत्र को प्रोत्साहन दिया जाएगा। ये योजनाएं अगर तय समय पर अपने मुकाम तक पहुंच पाईं तो इससे पूर्वोत्तर की तस्वीर तो बदलेगी ही, भारत की एकता-अखंडता से जुड़ी एक बड़ी चिंता भी खत्म हो जाएगी।

पांच सालों में सबसे निचले स्तर पर पतंजलि की बिक्री

प्रॉफिट में भी आई गिरावट

मुंबई (आरएनएस)। योग गुरु रामदेव के स्वमित्व वाली कंपनी पतंजलि आयुर्वेद के सेल्स जबरदस्त तरीके से घट रहे हैं। इसके कारण पतंजलि के प्रॉफिट पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। कंपनी के सूत्रों की माने तो मार्च 2018 में खत्म वित्त वर्ष में अच्छी-खासी कमी आई। इसकी एक वजह यह बताई जा रही है कि पतंजलि को जवाब देने के लिए खासतौर पर मल्टीनैशनल कंपनियों ने बड़े पैमाने पर नैचरल और हर्बल प्रॉडक्ट्स लॉन्च किए। इन सबके बीच पतंजलि गुड्स ऐंड सर्विसेज टैक्स लागू होने के बाद डिस्ट्रीब्यूशन के मोर्चे पर दिक्कतों में फंसी रही।

रिसर्च प्लैटफॉर्म टॉफलर से मिले फाइनैंशल डेटा के मुताबिक, फिस्कल इयर 2017-18 में पतंजलि की आमदनी 10 प्रतिशत गिरकर 8,135 करोड़ रुपये रह गई, जो सालभर पहले 9,030 करोड़ रुपये थी। 2013 के बाद यह कंपनी का सबसे कमजोर परफॉर्मेंस रहा। उस साल कंपनी की ऐनुअल सेल डबल हो गई थी। केयर रेटिंग्स के प्रविजनल डेटा के मुताबिक, फिस्कल इयर 2017-18 में कंपनी का नेट प्रॉफिट भी लगभग 50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 529 करोड़ रह गया।

केयर रेटिंग्स की रिपोर्ट के मुताबिक, पतंजलि के टर्नओवर में गिरावट की सबसे बड़ी वजह जीएसटी सिस्टम के हिसाब से समय पर खुद को ढाल पाने में नाकामी है। कंपनी ठोस इन्फ्रास्ट्रक्चर और सप्लाई चेन डिवेलप करने में भी नाकामयाब रही। कंपनी की प्रॉफिटेबिलिटी में तेज गिरावट की सबसे बड़ी वजह प्रॉफिट बिफोर इंट्रेस्ट, लीज, डेप्रिसिएशन ऐंड टैक्स मार्जिन में आई कमी थी। एक्सपैंशन के चलते बढ़े अन्य खर्च और खासतौर पर सेलिंग और डिस्ट्रीब्यूशन एक्सपेंस में बढ़ोतरी के चलते कंपनी का पीबीआईएलडीटी मार्जिन एफवाई17 के 18.73 प्रतिशत से घटकर 11.98 प्रतिशत रह गया।

ऐनालिस्टों का कहना है कि कंपनी ने स्टेपल, पर्सनल केयर और बिस्किट जैसे बिजनस वर्टिकल के लिए अलग-अलग डिस्ट्रीब्यूटर्स अपॉइंट किए हैं जिसके चलते इसे सविज़िंग लेवल पर दिक्कत आ रही है।

आईआईएफएल स्टीट्यूशनल इक्विटीज की तरफ से जारी इन्वेस्टर नोट के मुताबिक, पतंजलि की ग्रोथ में सुस्ती की वजह ट्रेड चैनल्स का कमजोर मैनेजमेंट होना और ठोस ऐडवर्टाइजिंग स्ट्रैटिजी का अभाव होना है। प्रॉडक्ट कैटिगरी के हिसाब से डिस्ट्रीब्यूटर्स को अलग करने से भी उसकी रिटेलर सर्विसिंग पर दबाव बना।

पतंजलि को मिली शुरुआती कामयाबी ने हर्बल, आयुर्वेदिक और नैचरल प्रॉडक्ट्स के लिए उत्प्रेरक का काम किया। इस स्पेस में मल्टीनैशनल कंपनियों के उतरने से कन्ज्यूमर गुड्स मार्केट में इन प्रॉडक्ट्स का हिस्सा बढ़कर लगभग 10 प्रतिशत हो गया है।

पेट्रोल 5 पैसे लीटर सस्ता, डीजल के भी दाम घटे

नई दिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल और डीजल के दाम में एक दिन की स्थिरता के बाद गुरुवार को फिर गिरावट दर्ज की गई। दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम में पांच पैसे लीटर की कमी दर्ज की गई। वहीं, डीजल के भाव सात से आठ पैसे कम हो गए हैं। दिल्ली, मुंबई और चेन्नई में डीजल के दाम में सात पैसे जबकि कोलकाता में आठ पैसे प्रति लीटर की कटौती की गई है। पेट्रोल और डीजल के भाव में अक्टूबर के बाद ज्यादातर घटने का ही सिलसिला जारी रहा है, क्योंकि कच्चे तेल की वैश्विक मांग घटने की आशंकाओं से कीमतों पर दबाव आया है। भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों का निर्धारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम से तय होता है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, गुरुवार को दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल की कीमतें घटकर क्रमशः 69.74 रुपये, 71.84 रुपये, 75.36 रुपये और 72.36 रुपये प्रति लीटर हो गईं।

अब हिंदी में करें ट्रेन टिकट की बुकिंग

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत के हिंदी भाषी राज्यों में छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के लाखों लोगों को आकर्षित करने के लिए बेंगलुरू की ऑनलाइन ट्रेन टिकट खोज और बुकिंग कंपनी कंफर्मटिकट ने अपने मोबाइल एप का हिंदी संस्करण शुरू करने की घोषणा की। कंपनी के एक अधिकारी ने इस बात की जानकारी दी। कंफर्मटिकट के सह संस्थापक एवं सीईओ दिनेश कुमार कोठा ने कहा, टियर-2 और टियर-3 शहरों में ट्रेन दैनिक यात्रियों के साथ-साथ शहरों के बीच यात्रा करने के लिए परिवहन का सबसे पसंदीदा तरीका है। क्योंकि उनमें से अधिकांश लोग हिंदी भाषी हैं, इसलिए हम एक प्लेटफार्म लॉन्च कर बाजार में वर्तमान मौजूद अंतर को दूर करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, इस एप से वे अपनी मूल भाषा में ट्रेन टिकट बुक कर सकते हैं। हमारा विचार है कि लोगों को एक सहज बुकिंग अनुभव का आनंद लेने और वैकल्पिक यात्रा विकल्पों तक पहुंच बनाने दी जाए, चाहे वे जिस भी भाषा में बात करें।

गूगल-केपीएमजी की 2017 में आई संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, 2021 तक हिंदी इंटरनेट यूजर (20.1 करोड़) अंग्रेजी इंटरनेट यूजर को पछाड़ देंगे। रिपोर्ट में कहा गया कि हिंदी यूजर भारत के कुल इंटरनेट यूजर आधार का 38 प्रतिशत हिस्सा होंगे। 2015 में लॉन्च के बाद से कंपनी ने 2019 तक तेलुगू, तमिल, मलयालम, बंगाली, मराठी, गुजराती, कन्नड़ और उड़िया सहित आठ और भाषाओं के लिए समर्थन जोड़ने की योजना बनाई है। कंफर्मटिकट हिंदी एप एंड्रॉयड और आईओएस यूजर्स (वर्तमान में एंड्रॉयड आईओएस के लिए उपलब्ध) दोनों के लिए उपलब्ध है।

29 दिसंबर से बंद नहीं होगी आपकी टीवी सर्विस

ट्राई ने केबल ऑपरेटरों के दिए निर्देश

नयी दिल्ली (आरएनएस)। दूरसंचार नियामक ट्राई ने केबल एवं डीटीएच ऑपरेटरों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि उपभोक्ता जो चैनल अभी देख रहे हैं उसे 29 दिसंबर से बंद नहीं किया जाना चाहिए। ट्राई ने बुधवार को यहां कहा कि उपभोक्ता अभी जो चैनल देख रहे उसे 29 दिसंबर से बंद किये जाने की मीडिया में खबरें आ रही है। इसके मद्देनजर प्रसारकों/ डीपीओ/ एलसीओ को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उपभोक्ता जो चैनल आज देख रहे हैं वे 29 दिसंबर से बंद नहीं होने चाहिए तोकि टीवी सेवा के लिए नये फ्रेमवर्क को अपनाये जाने के दौरान उपभोक्ताओं को किसी तरह की दिक्कत नहीं हो। उसने कहा कि ट्राई सभी उपभोक्ताओं के लिए विस्तृत माइग्रेशन प्लान तैयार कर रहा है जिसमें सभी उपभोक्ताओं को अपनी पसंद के टेलीविजन चैनल चयन करने का पर्याप्त अवसर मिलेगा और सेवा प्रदाताओं को भी निर्धारित समय में इस नये नियामक फ्रेमवर्क को अपनाने में मदद मिलेगी।

मेलबर्न टेस्ट : भारत ने 443 रन बनाकर पारी घोषित की

मेलबर्न (आरएनएस)। भारत ने यहां मलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में आस्ट्रेलिया के साथ जारी दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को सात विकेट के नुकसान पर 443 रन बनाकर पारी घोषित की। दिन का खेल समाप्त होने तक आस्ट्रेलिया ने बिना कोई विकेट खोए आठ रन बना लिए हैं। सलामी बल्लेबाज एरोन फिंच (3 नाबाद) और मार्कस हैरिस (5 नाबाद) क्रीज पर मौजूद हैं।

भारत के लिए चेतेश्वर पुजारा और कप्तान विराट कोहली के बीच 170 रनों की साझेदारी हुई। पुजरा ने 106 रनों की शतकीय पारी खेली तो वहीं कोहली ने 82 रनों का योगदान दिया। मेजबान टीम के लिए पैट कमिंस ने तीन और मिशेल स्टार्क ने दो विकेट लिए। इनके अलावा, जोश हेजलवुड और नाथन लॉयन को एक-एक विकेट मिला।

आज का राशिफल

मेषः आज आप किसी भी प्रकार के वाद-विवाद में पड़ने से बचें। शारीरिक और मानसिक व्यग्रता का अनुभव करेंगे। अनिद्रा के कारण स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। प्रवास भी टालें।

वृषभः आज आप किसी बात को लेकर भावुक हो सकते हैं। आपके कार्य दिन में संपन्न हो जाने से आनंद होगा। आर्थिक लाभ होने की भी संभावना है। परंतु मध्याह्न के बाद धन अधिक खर्च होगा।

मिथुनः नकारात्मक मानसिकता से दूर रहें। परिवार में मेलजोल की कमी रहेगी। आप स्वस्थ नहीं रह पाएंगे। पढ़ने-लिखने में मन नहीं लगेगा। परंतु मध्याह्न के बाद आपका मन प्रफुल्लित रहेगा।

कर्कः भावनाओं के प्रवाह में न बहें। छोटे प्रवास या पर्यटन की संभावना है। आरोग्य भी अच्छा रहेगा और मन प्रफुल्लित रहेगा। अनैतिक प्रवृत्तियों से मन भ्रष्ट न हो जाए इसका ध्यान रखें। धन खर्च अधिक होगा।

सिंहः आज भी प्रकार का निर्णय लेने की स्थिति में आप नहीं हैं। पारिवारिक कार्यों के पीछे धन का खर्च होगा। वाणी पर संयम रखें। गलतफहमियों को दूर करें। मध्याह्न के बाद मन प्रसन्न होगा।

कन्याः शारीरिक और मानसिक रूप से सुख शांति रहेगी। मध्याह्न के बाद मन की स्थिति द्विधापूर्ण रहेगी। आज वाणी पर संयम बरतने की सलाह है। कोर्ट-कचहरी के कार्यों में निर्णय लेते समय सावधानी बरतें।

तुलाः आज परिवार में आनंद रहेगा। घर की साज-सजावट में भी परिवर्तन करेंगे। व्यवसाय में आर्थिक लाभ होगा। आर्थिक आयोजन संपन्न कर सकेंगे। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। संतानों की ओर से सुख मिलेगा।

वृश्चिकः आपके लिए भाग्यवृद्धि का दिन है। विदेश स्थित स्नेहीजन से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। धन लाभ की भी संभावना है। व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं। माता से सम्बंध अच्छा रहेगा।

धनुः आज प्रातःकाल स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। वैचारिक स्तर पर संयम रखना आवश्यक है। आर्थिक रूप से तंगी का अनुभव करेंगे। परंतु मध्याह्न के बाद आप प्रफुल्लित हो जाएंगे। आकस्मिक धनप्राप्ति का योग है।

मकरः आज का दिन परिजनों के साथ आनंदपूर्वक प्रवास या पर्यटन में बीतेगा। मध्याह्न के बाद आप का मन व्यग्रता का अनुभव करेगा। धन की तंगी हो सकती है। अनैतिक कार्यों पर अंकुश लगाना पड़ेगा।

कुंभः आपका आज का दिन सुख-शांतिपूर्वक बीतेगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता प्राप्त होगी। आनंद-प्रमोद के साथ वाहनसुख प्राप्त होगा। व्यावसायिक क्षेत्र में आपको कीर्ति प्राप्त होगी। नए वस्त्र प्राप्त होंगे।

मीनः किसी भी व्यक्ति के साथ बौद्धिक चर्चा या वाद-विवाद में न पड़ें। नए कार्य का प्रारंभ न करें। मध्याह्न के बाद स्थिति में आकस्मिक सुधार दिखेगा। व्यावसायिकों को कार्यालय में अनुकूल वातावरण मिलेगा।

पूजा करते समय सिर ढककर रखने का क्या है पौराणिक रहस्य

सिर ढककर पूजा-पाठ करने से ध्यान ईश्वर में लगा रहता है, भटकता नहीं है। हिंदू धर्म में सबसे ज्यादा अनिवार्य होता है, पूजा करते समय महिलाओं का सर ढका हुआ। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि महिलाएं सिर ढककर पूजा क्यों करती हैं.? आज हम आपको यह रहस्यमयी कारण बताएंगे। हिंदू धर्म में यह मान्यता होती है कि हमेशा सिर ढककर ही देवी-देवता की पूजा-अर्चना की जाती है। क्योंकि सिर ढककर पूजा-पाठ करने से ध्यान ईश्वर में लगा रहता है। और सिर ढककर पूजा-पाठ करने से व्यक्ति में नकारात्मक उर्जा प्रवेश नहीं करती। जिससे दिमाग में सकारात्मकता बनी रहती है। दोस्तों पूजा-पाठ के लिए माहौल में सकारात्मकता का होना जरूरी है।

ईश्वर की सच्ची आराधना करने से शुभ फल प्राप्त होता है। यह भी कह सकते है कि भगवान के सम्मान के लिए सिर ढका जाता है।

विराट ने तोड़ा द्रविड़ का 16 साल पुराना रेकॉर्ड

नई दिल्ली (आरएनएस)। टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने मेलबर्न टेस्ट के दूसरे दिन एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली। गुरुवार को 47 रन के निजी स्कोर से अपनी पारी को आगे बढ़ाने आए रेकॉर्ड रन मशीन कोहली ने आज अपने खाते में 35 रन और जोड़े। इस पारी को वह शतक में तो तब्दील नहीं कर पाए लेकिन उन्होंने विदेशों में एक कैलेंडर साल में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने का रेकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इस साल विराट ने अब तक 1138 रन बना लिए हैं, जबकि अभी मेलबर्न टेस्ट में एक पारी खेली जाना बाकी है।

कप्तान विराट कोहली (82) भारत के तीसरे विकेट के रूप में मिशेल स्टार्क की बॉल पर आउट हुए। लेकिन आउट होने से पहले वह एक साल में विदेशों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज का रेकॉर्ड अपने नाम कर चुके थे। उन्होंने राहुल द्रविड़ के 16 साल पुराने रेकॉर्ड को तोड़ा। विराट कोहली ने इस साल विदेशों में खेले 11 टेस्ट की 21 पारियों में 1138 रन बनाए हैं। इससे पहले यह रेकॉर्ड टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के नाम था। द्रविड़ ने 2002 में विदेशों में 1137 रन बनाए थे। एक कैलेंडर साल में भारत के लिए विदेशों में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली अब द्रविड़ से 1 रन आगे हैं। इस अंतर को बढ़ाने के लिए अभी मेलबर्न टेस्ट में उनके पास एक पारी और है।

जानिए कटोरी चाट बनाने की विधि

अगर आप चाहें तो घर पर भी कई तरह की चाट तैयार कर सकते हैं। आज हम आपको कटोरी चाट बनाने की विधि बताते हैं। इसे देखते ही आपका मन ललचा जाएगा-इसे बनाने के लिए आपको सबसे पहले कटोरी बनाने के लिए आटा तैयार करना होगा। इसके लिए आप मैदे में अजवाइन, बेकिंग पाउडर और नमक डालकर मिक्स करें। अब इसमें थोडा-थोडा पानी डालकर एक स्मूद आटा तैयार कर लें और कुछ देर के लिए छोड दें ताकि यह अच्छे से सेट हो जाए। अब आप एक चकला लेकर उस पर मैदा छिडकें और फिर मैदा की लोई बनाकर उससे रोटी बनाएं। अब बारी आती है इस मैदे की रोटी से कटोरी बनाने की। इसे लिए आप सबसे पहले एक कटोरी की बाहरी सतह पर चारो ओर वेजीटेबल ऑयल लगा लें। अब आप मैदे की रोटी को कटोरी के उपर रखें और अतिरिक्त मैदे को चाकू की मदद से हटा लें। इस प्रकार यह मैदा एक कटोरी की शेप ले लेगा। अब आप एक कांटे की मदद से मैदे में छेद कर दें ताकि इस कटोरी को सेकते समय यह फूले नहीं। अब आप एक कडाही लेकर उसमें तेल गर्म करने रख दें। जब तेल गर्म हो जाए तो आप कटोरी को तलने के लिए कडाही में डाल दें। जैसे. जैसे आपकी कटोरी सिकती जाए वह आपकी कटोरी से अलग हो जाएगी। अब आप चिमटे की सहायता से इसे अच्छी तरह सेक लें। इसी तरह आप सारी कटोरियां तैयार कर लें। अब बारी आती है चाट तैयार करने की। इसके लिए आप इस कटोरी में उबले आलू, काले चने, उबले आलू, पापडी, फेंटी हुई दही डालें। अब इसमें इमली की चटनी, हरी चटनी डालें और उसके उपर नमक, काला नमक, लाल मिर्च, चाट मसाला, भुना जीरा पाउडर डालें। अंत में आप अनार के दाने और सेव की सहायता से सजाएं।

शब्द सामर्थ्य-30

बाएं से दाएं

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

ऊपर से नीचे

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 29 का हल

अं	त	■	म	री	ज	■	■	■
ग	ह	न	ता	■	ब	र	ब	स
■	की	■	धि	क्का	र	■	र	मा
■	का	■	का	■	द	वा	खा	ना
प	त	वा	र	■	स्त	र	■	■
ह	■	■	■	■	■	दा	मि	नी
ना	■	ए	ह	ति	या	त	■	लां
वा	च	क	■	हा	■	■	खू	ब
■	■	ता	ब	ड़	तो	ड़	■	र

सू-दोकू-30

	7			4		3		
2			3			9		4
	6			2				
3		1			7		4	
	2			1			6	
8			9		4			1
		2		3		7		
1			7		2	4		3
	5	3		8			7	2

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.29का हल

9	2	8	3	1	5	7	4	6
4	1	6	8	9	7	2	5	3
7	3	5	4	6	2	8	1	9
2	7	3	9	8	1	4	6	5
5	4	1	6	7	3	9	2	8
6	8	9	2	5	4	1	3	7
3	6	2	7	4	9	5	8	1
8	5	7	1	2	6	3	9	4
1	9	4	5	3	8	6	7	2